प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 05.03.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रेटर नोएडा में एक निजी अस्पताल का किया उद्‌घाटन : कहा– एक ज़िला एक मेडिकल कॉलेज योजना से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में हो रहा है सुधार।
2. राज्य के विभिन्न जनपदों में होली उत्सव जारी : मथुरा के दाऊजी महाराज मंदिर में हुरंगा की धूम, हमीरपुर में महिलाओं ने खेली खास होली।
3. विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के तहत दावे और आपत्ति दाखिल करने का अंतिम दिन कल : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा– मतदाताओं का रिकॉर्ड अगले एसआईआर तक रखा जाएगा सुरक्षित।

और

4. आई.सी.सी. टी–20 क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल में आज भारत का सामना इंग्लैंड से : इंग्लैंड ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी का किया फैसला।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि बीते कुछ वर्षों में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में कई गुना सुधार आया है। आज ग्रेटर नोएडा में एक निजी अस्पताल का उद्‌घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री योगी ने स्वास्थ क्षेत्र में

निजी सहभागिता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 'प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना– आयुष्मान भारत योजना के तहत अब तक 5 करोड़ 60 लाख से अधिक लोगों के गोल्डन कार्ड बनाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि एक ज़िला एक मेडिकल कॉलेज योजना के तहत प्रदेश में मेडिकल कालेजों की संख्या 81 हो चुकी है। आने वाले समय में प्रदेश के किसी भी ज़िले में रह रहे लोगों को गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए कहीं दूर जाने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी। बाइट.....

*उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। हमारे यहां 2017 के पहले गवर्नमेंट सेक्टर में केवल 17 मेडिकल कॉलेजेस संचालित थे। आज हम उत्तर प्रदेश के अंदर 75 जनपदों में हम लोगों ने वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज के लक्ष्य को लगभग प्राप्त कर लिया है। 81 मेडिकल कॉलेज वर्तमान में यूपी के अंदर संचालित हो रहे हैं और यह मेडिकल कॉलेजेस अलग–अलग जनपदों में कार्य कर रहे हैं।*

————————————

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में होली उत्सव का सिलसिला आज भी जारी रहा। मथुरा के दाऊजी महाराज मंदिर में हुरंगे का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में हुरियारों और हुरियारिनों ने जमकर रंगों के उत्सव का आनंद लिया। पेश है एक रिपोर्ट.....

*होली के दूसरे दिन बलदाऊ जी की नगरी बल्देव में हुरंगे का आयोजन किया गया। दाऊजी महाराज मंदिर में पारम्परिक परिधानों में सजी महिलाओं ने हुरियारों पर कपड़े से बने कोड़े बरसाए। जवाब में हुरियारों ने भी सखियों पर रंग बरसाये। इस दौरान मंदिर में हर तरफ उड़ते रंग, अबीर*

*और गुलाल से पूरा परिसर रंगों से सरोबार हो गया । इस अवसर पर होली के लोकगीतों और भजनों ने माहौल को और भक्तिमय बना दिया। इस अनोखी होली में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में देशी विदेशी श्रद्धालु मथुरा पहुंचे हैं। मंदिर प्रशासन और पुलिस ने भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के समुचित प्रबंध किए हैं। मोहम्मद उम्र कुरैशी, आकाशवाणी समाचार, मथुरा।*

———————————

हमीरपुर के कुडौरा गांव में आज प्राचीन फाग प्रथा को कायम रखते हुए सिर्फ महिलाओं ने पूरे गांव में घूमकर होली खेली। इस दौरान पुरुषों के घर से बाहर निकलने पर प्रतिबंध रहा। पेश है एक रिपोर्ट......

*बुंदेलखंड में पूर्वजों की परम्परा का पालन करते हुए आज कुडौरा गांव में महिलाओं की टोली ने फाग गाते हुए पूरे गांव का भ्रमण कर होली खेली। खास बात यह है कि इस होली उत्सव में पुरुषों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित होता है और होली के दिन पुरुषों को घरों में रहना पड़ता है। इस प्रथा के अनुसार होली खेलने निकली महिलाओं की टोली को अगर रास्ते में कोई भी पुरुष मिल जाता है तो महिलाएं उसे लठ्ठ लेकर दौड़ा लेती हैं। इस परंपरा में शामिल होने के लिए गांव की बेटियां भी ससुराल से मायके लौट आती हैं और पूरे उत्साह के साथ इस खास होली का हिस्सा बनती हैं। शिवकुमार सेठी आकाशवाणी समाचार, हमीरपुर।*

———————————

प्रयागराज में तीन दिनों तक चलन वाले होली के आयोजन के तहत आज दूसरे दिन भी लोगों ने जमकर होली खेली। होली उत्सव के दौरान लोक गायकों ने पारम्परिक फाग गीत गाकर उत्सव में रंग भर दिया। प्रदेश भर में आज पुलिस कर्मियों ने भी होली के उत्सव का आनंद लिया। मऊ, हापुड़, आगरा, चित्रकूट समेत अन्य

जनपदों के सभी थानों ,चौकियों और पुलिस लाइन में होली खेली गई। मेरठ पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिसकर्मी और रंगरूटों ने संगीत की थाप पर झूमते हुए एक दूसरे को रंग लगाए।

इस अवसर पर मेरठ ज़ोन के एडीजी भानु भास्कर ने सभी पुलिसकर्मियों को होली की बधाई दी। उन्होंने नव नियुक्त पुलिसकर्मियों का पुलिस बल में स्वागत करते हुए कहा कि भविष्य में सब मिलकर देश और प्रदेश की सेवा करेंगे। बाइट......

*हम सब लोग के लिए बहुत खुशी का अवसर है। मेरठ जोन में और पूरे उत्तर प्रदेश में होली पूरी तरह से शांतिप्रिय रही है। कहीं भी मेरठ जोन में एक भी हिंसा का कोई वारदात नहीं हुआ है। लोगों ने सबने मिलकर होली खेली है। उसी का खुशी मनाते हुए आज अपने परिवार में 60,000 पुलिस कर्मियों को जोड़ने की पहली होली है और अपने परिवार में जुड़कर जो है अगले 30 से 40 साल तक वह पूरा उत्तर प्रदेश की सेवा करेंगे, देश की सेवा करेंगे।*

————————————

होली पर यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए उत्तर प्रदेश परिवहन विशेष बसों का संचालन कर रहा है। इसी क्रम में दिल्ली–एनसीआर से पूर्वांचल लौटने वाल यात्रियों के लिए 137 अतिरिक्त बसें संचालित की जा रही हैं। इनमें वाराणसी, गोरखपुर, आजमगढ़, बलिया, मऊ, देवरिया, जौनपुर, भदोही और चंदौली में सबसे अधिक बसों का संचालन किया जा रहा है। वाराणसी से लखनऊ,

शक्तिनगर, प्रयागराज और आजमगढ़ जैसे आंतरिक मार्गों पर भी फेरे बढ़ा दिए गए हैं जिससे यात्री सुविधापूर्वक अपने गंतव्य तक पहुंच सकें।

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में वर्ष 2027 की जनगणना के लिए महिलाओं और पुरुषों के प्रतीक शुभंकर– प्रगति और विकास का औपचारिक अनावरण और चार डिजिटल उपकरणों का शुभारंभ किया। इन उपकरणों में हाउस लिस्टिंग ब्लॉक क्रिएटर वेब एप्लिकेशन, एचएलओ मोबाइल एप्लिकेशन, स्वः गणना पोर्टल और जनगणना प्रबंधन और निगरानी प्रणाली पोर्टल शामिल हैं। गृह मंत्रालय ने कहा कि उन्नत कंप्यूटिंग विकास केंद्र ने देशभर में गणना कार्यों को सुगम बनाने के लिए यह उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किए हैं।

————————————

प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के तहत दावे और आपत्ति दाखिल करने का कल अंतिम दिन है। जिन मतदाताओं का नाम आलेख्य मतदाता सूची में नहीं है वह आवश्यक साक्ष्य सहित फार्म–6 भरकर कल तक अपने बीएलओ को उपलब्ध करा सकते हैं, जिससे उनका नाम अंतिम मतदाता सूची में सम्मिलित हो सके। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया है कि इस बार विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बने हुए मतदाताओं का रिकॉर्ड आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण तक सुरक्षित रखा जाएगा। उन्होंने मतदाताओं से आग्रह किया कि यदि किसी का वोट एक से अधिक स्थान पर है तो फार्म–7 भर कर स्वेच्छा से अन्य स्थानों से अपना नाम कटवा लें, क्योंकि यह एक दण्डनीय अपराध है।

————————————

प्रयागराज में यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर प्रश्नपत्र वायरल होने की भ्रामक खबरें फैलाने वाले चार यूट्यूब चनलों क खिलाफ कार्रवाई की गई है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह की तहरीर पर साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से कराई जा रही है। साथ ही छात्रों से

अपील की गई है कि सोशल मीडिया पर चल रही किसी भी अपुष्ट जानकारी पर भरोसा न करें।

———————————

पश्चिमी एशिया में जारी अस्थिरता के बीच, एयर इंडिया ने यात्रियों के लिए बड़ी राहत की घोषणा की है। एयर इंडिया ने कहा है कि प्रभावित यात्री बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपनी यात्रा की तारीख बदल सकते हैं या टिकट रद्द करने की स्थिति में पूरा रिफंड प्राप्त कर सकते हैं। यह सुविधा इस वर्ष 28 फरवरी या उससे पहले की गई सभी कन्फर्म बुकिंग्स पर लागू होगी।

———————————

उत्तर भारत का सुप्रसिद्ध पूर्णागिरि देवी मेला प्रारंभ हो गया है। विभिन्न राज्यों के श्रद्धालु इस मेले में हिस्सा लेते हैं। उत्तराखंड में चंपावत जिले के टनकपुर में लगने वाले इस मेले के लिए पीलीभीत में भी व्यापक तैयारियां की गई हैं। पीलीभीत से राज्य परिवहन निगम की 10 नई बसों का संचालन शुरू किया गया है, जबकि कल से पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा दो नई मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन भी शुरू किया जाएगा।

———————————

<u>टी 20 सेमीफाइनल</u>

आईसीसी टी 20 क्रिकेट विश्व कप का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला आज भारत और इंग्लैंड के बीच

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने टास जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया।

(समाप्त)